हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

11 साधना शिविर में शामिल हुए भाजपा नेता



12 बिजली के रेट बढ़ाने के विरोध में की नारेबाजी



## खबर संक्षेप

### कन्या गुरुकुल में कार्यक्रम आज

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा कलां स्थित श्री रंजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल में शुक्रवार 4 अप्रैल को गुरुकुल की प्रथम आचार्या स्व. शांति बहन का 92वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा जितेंद्र भाटिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून उपस्थित रहेंगे। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या आचार्या निर्मला यज्ञ की ब्रह्मा होंगी। प्रातः 8 बजे यज्ञ के बाद भजन होंगे। इसके उपरांत छात्राएं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगी।

### इंटर स्कूल चैस चैंपियनशिप 12 से

**बहादुरगढ़।** दा बहादुरगढ़ चैस एसोसिएशन के तत्वाधान में पहली बीसीए झज्जर डिस्ट्रिक्ट इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 12 अप्रैल को होगा। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नवीन दुहन और संरक्षक रामकुमार दुहन ने बताया कि पटेल नगर स्थित श्री रामा भारती पब्लिक स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता केवल झज्जर जिले के सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। एसोसिएशन महासचिव संदीप कुमार निमावत ने बताया कि प्रतियोगिता फीडे लॉ ऑफ चैस और फीडे स्विस सिस्टम के अनुसार संभावित पांच राउंडों में खेली जाएगी।

### गर्ल्स कॉलेज में दीक्षांत समारोह 9 को

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में बुधवार 9 अप्रैल को दीक्षांत समारोह एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या अलका गुलाटी ने बताया कि कार्यक्रम में एमडीयू के कुलपति प्रो राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सीओई प्रो गुलशन तनेजा विशिष्ट अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह के अंतर्गत 2021-2024 की स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। जबकि 2024-2025 में उत्कृष्ट शैक्षणिक एउपलब्धियों के लिए छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### गुभाना में हुआ समता कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना में ब्रेकथ्रू टीम द्वारा समता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूनम के प्रयासों से हुए कार्यक्रम में ममता व मीना ने सहयोग किया। इसमें पंचायत सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, किशोरी और अभिभावक शामिल रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता ने सबके साथ सामान व्यवहार करने का अनुरोध किया।

### गांजे सहित महिला काबू, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सिटी पुलिस थाने की टीम ने गांजे सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सरकारी अस्पताल के पीछे स्थित एक बस्ती में महिला मादक पदार्थ बेचने की मंशा से खड़ी है। टीम ने मौके पर जाकर उसे काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में महिला पुलिस ने उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास 54 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपी महिला के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

### सट्टा खाईवाली करते तीन गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार किए हैं।पुलिस को सूचना मिली थी कि परनाला फाटक के पास सट्टेबाजी चल रही है। इसके बाद टीम वहां गई और छापा मारा। इस दौरान तीन युवक पकड़े गए। इनकी पहचान राहुल, मुन्ना निवासी छोटूराम नगर तथा मुकुंद निवासी दिल्ली के रूप में हुई। तीनों को हिरासत में ले लिया गया। इनके पास से पर्चियां व नकदी मिली।

# कुत्तों का आतंक, डॉग बाइट्स के हर रोज आ रहे सवा 100 केस

■ बहादुरगढ़ में सड़कों व गलियों में स्ट्रीट डॉग कर रहे हमला ■ पालतू कुत्तों द्वारा काटने के भी काफी केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में डॉग बाइट्स यानी कुत्तों द्वारा काटने के केस लगातार बढ़ रहे हैं। अकेले नागरिक अस्पताल में ही रोजाना करीब सवा सौ लोग कुत्तों द्वारा काटने पर इंजेक्शन लगवाने आ रहे हैं। अगर निजी अस्पतालों के केस भी मिला लें तो यह आंकड़ा कहीं अधिक है। खास बात ये कि केवल बेसहारा ही नहीं बल्कि पालतू कुत्तों द्वारा काटे जाने के मामलों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, बहादुरगढ़ इलाके में स्ट्रे डॉग्स की भरमार है। लगभग हर गली में कुत्तों की फौज है। इनकी बढ़ती तादाद को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से भी कोई खास कदम नहीं उठाए जा रहे। इस वजह से डॉग बाइट्स के केस बढ़ रहे हैं। बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में बीते मार्च माह में 2200 लोगों ने एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया। वहीं बीते तीन दिनों से रोजाना सवा 100 लोग इंजेक्शन लगवाने आ रहे हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी लोग जाते हैं। खास बात ये कि ज्यादातर केस ग्रामीण क्षेत्र से आ रहे हैं और इनमें से काफी केस पालतू कुत्तों द्वारा काटने के हैं। सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज का इंजेक्शन 100 रुपये में लगाया जाता है। जबकि बाहर यह इंजेक्शन 300 रुपये का मिलता है।



बहादुरगढ़। एक महिला को इंजेक्शन लगातीं स्वास्थ्यकर्मी।

### एनिमल बर्थ कंट्रोल के लिए कदम उठाने की जरूरत



बहादुरगढ़ में बढ़ते केसों के पीछे नगर परिषद की विफलता भी बड़ी वजह है। एनिमल बर्थ कंट्रोल के कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। नियम पालना के साथ ये कदम जरूरी है। इनका समाधान तो यही है कि शहर में नगर परिषद या गांव में पंचायतें एनिमल बर्थ रेट कंट्रोल करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इससे निश्चित ही डॉग बाइट्स के केस कम होंगे। वहीं पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता में भी कमी देखने को मिलेगी।

### भूख, प्यास और बीमारी के कारण हिंसक हो रहे

बढ़ती तादाद से केवल इंसानों को ही नहीं, इन मूक प्राणियों को भी हानि हो रही है। इनके भौंकने से तंग आकर लोग इनके साथ क्रूरता करते हैं। वहीं सड़कों पर भी आए दिन कई कुत्ते दम तोड़ जाते हैं। विशेषज्ञों, जीव प्रेमियों ने इस समस्या के बढ़ने के कई कारण बताए हैं। मंजीत, प्रदीप आदि का कहना है कि पशुओं पर भी भूख, प्यास, बीमारी का असर पड़ता है। ऐसी स्थिति में उनका स्वभाव उग्र हो जाता है। जहां कुत्तों को पर्याप्त खाना नहीं मिलता, वहां भी इस तरह के केस बढ़ने की आशंका रहती है। विशेषज्ञों ने कहा कि लोग अपना शौक पूरा करने व बच्चों को खुश करने के लिए घरों में पैट्स ले आते हैं लेकिन उन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग नहीं दिलाते। ट्रेनिंग व बेहतर माहौल न मिलने पर वे उग्र हो जाते हैं।



झज्जर। आग लगने के कारण झुलसे बारदाना की बेल।

# अनाज मंडी में रखे बारदाने में आग लगी

■ 35 बेल में नुकसान, दमकल विभाग की टीम ने काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बुधवार देर रात अनाज मंडी परिसर में रखे बारदाने में आग लग गई। जिसके कारण 35 बेल में नुकसान पहुंचा है। आढ़तियों को पता चलने पर सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### बड़ा नुकसान टला

आढ़तियों का कहना है कि आग लगने का जल्द पता चल गया, वरना काफी नुकसान हो सकता था। उधर, वीरवार को भी सरसों और गेहूं की फसल को लेकर किसान अनाज मंडी पहुंचें। गेहूं की खरीद नमी अधिक होने के कारण नहीं हो पाई। वहीं सरसों की खरीद तो खूब हुई, लेकिन उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आढ़ती दिनभर अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना के पास गाड़ी जल्द भिजवाने के लिए कॉल करते रहे। वहीं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अब तक जिले में कुल 10290 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है, जबकि 14118 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। इसमें से 4879 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है, बाकी की जल्द पूरी हो जाएगी।

# मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा के लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



झज्जर। वीसी के माध्यम से आयोजित मीटिंग में शामिल डीसी प्रदीप दहिया।

**झज्जर।** वीरवार को प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें डीसी प्रदीप दहिया ने वीसी के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान आरटीए एवं एसडीएम रविंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति पर मंथन हुआ। वीसी के उपरांत डीसी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इससे जुड़े हर एजेंडे पर गंभीरता से कार्य किया जाए।

# भारतीय टीम में जिले के तीन मुक्केबाजों का चयन

■ 17 अप्रैल से जार्डन में शुरू होगी प्रतियोगिता







**झज्जर।** जिले के तीन मुक्केबाजों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। अब चयनित खिलाड़ी आगामी 17 अप्रैल से 1 मई तक जॉर्डन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के मुक्केबाजी कोच हितेश देशवाल ने बताया कि उनके खिलाड़ी मुक्केबाज खुशी अहलावत का चयन 35 किलोग्राम भार वर्ग, प्राची का 66 किलोग्राम भार वर्ग और नमन सैनी का 58 किलोग्राम भार वर्ग में किया गया है। इसके अतिरिक्त, पांच अन्य मुक्केबाजों को राष्ट्रीय कैंप के लिए चुना गया है, जो भविष्य में भारतीय टीम में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई दी।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ तलाव गांव का रहने वाला था मृतक सुखबीर

क्षेत्र के गांव तलाव के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। जिस कारण कार चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तलाव गांव निवासी करीब 47 वर्षीय सुखबीर पुत्र आशाराम के तौर पर हुई है। यह हादसा उस दौरान हुआ जब बुधवार की रात करीब साढ़े सात बजे सुखबीर अपनी कार में झज्जर से वापिस गांव लौट रहा था। जब वह गांव के नजदीक पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद राहगीरों द्वारा उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने उपरांत पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। वीरवार को परिजनों की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में तलाव गांव निवासी करतार सिंह ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है तथा बुधवार की रात करीब साढ़े सात बजे जब ई-रिक्शा लेकर अपने घर जा रहा था तो तलाव के गांव के अड्डे के नजदीक एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसके आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वह गांव के ही एक युवक प्रवीन की मदद से घायल सुखबीर को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा।



झज्जर। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे युवक के परिजन।

# केएमपी पर गाड़ी पलटने से तीन युवक घायल, रेफर

■ डाबोदा के निकट गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर डाबोदा के पास एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार तीन युवक बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायलों की पहचान फैजान, फुकरान और औरंगजेब के रूप में हुई है। तीनों उत्तर प्रदेश मूल के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, ये तीनों अपने एक अन्य साथी के साथ गाड़ी में सवार होकर ये मुज्जफरनगर से दिल्ली जा रहे थे। वीरवार की दोपहर जब केएमपी पर डाबोदा के निकट पहुंचे तो अचानक इनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पलट गई। तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों ने इनको संभाला और एंबुलेंस बुलाई। इसके बाद इन्हें नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों पीजीआई रोहतक रेफर कर दिए गए।



बहादुरगढ़। एंबुलेंस में लेटे हादसे में घायल युवक।

# दिल्ली से बुक कराई कैब शाहपुर में लूटी

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के छतरपुर इलाके से बुक कराई गई कैब बहादुरगढ़ के गांव शाहपुर में लूट ली गई। चार युवकों ने चालक के साथ मारपीट कर इस वारदात को अंजाम दिया। चालक के दोनों मोबाइल भी ले गए। इतना ही नहीं, यूपीआई से रुपये भी ट्रांसफर किए। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वारदात पालम दिल्ली के निवासी रितिक के साथ हुई है। रितिक का कहना है कि उसने अपनी अर्टिगा गाड़ी ओला, उबर कंपनी में लगा रखी है। बीती रात करीब डेढ़ बजे वह छतरपुर में था। इसी दौरान बुकिंग रिक्वेस्ट आई। कस्टमर को कॉल कर लोकेशन पूछी तो उसने बताया कि नजफगढ़ जाना है। फिर वह छतरपुर मंदिर के पास पहुंचा। वहां तीन युवक गाड़ी में सवार हुए और हम नजफगढ़ के लिए चल दिए। नजफगढ़ आने के बाद उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ चलो। जब बुपनिया में पहुंचे तो उन्होंने अपने एक और साथी को गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद वापस छतरपुर जाने के लिए बोले और जब देशलपुर डाबोदा मार्ग पर पहुंचे तो वहां गाड़ी रुकवा ली। गाड़ी रुकते ही मारपीट शुरू कर दी। दोनों मोबाइल छीन लिए। पासवर्ड पूछकर फोन से रुपये निकाल लिए। मारपीट करने के बाद मुझे बाहर निकालकर गाड़ी लेकर भाग गए। मेरे दोनों मोबाइल भी साथ ले गए।

# मां भीमेश्वरी देवी मंदिर मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, पुलिस के 700 जवान तैनात

### प्रशासन ने मेला स्थल को सेक्टरों में बांटा, लगाई जवानों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में सप्तमी और अष्टमी को उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्धेनजर किसी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिला पुलिस बी सतीश बालन के निर्देशानुसार पूरे मेला परिसर को अलग-अलग सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में अलग अलग सुरक्षा प्रबंधों के तहत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मेला के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए करीब सात सौ पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि एसीपी अनिल कुमार, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी प्रणय कुमार, एसीपी अनिरुद्ध चौहान व एसीपी दिनेश कुमार भी मेला क्षेत्र में मौजूद रहेंगे। मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से अंदर व बाहर वाले मंदिर में आने जाने के लिए जगह जगह बैरिगेटिंग की गई है। वहीं बैरिगेट्स के अंदर कतारों में खड़े श्रद्धालुओं की भीड़ को बीच बीच में रोककर अलग अलग हिस्सों में विभाजित करके चलाया जाएगा ताकि कतारों में खड़ी भीड़ में किसी प्रकार की अव्यवस्था या धक्का मुक्की की स्थिति ना बने। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्धेनजर पूरे मेला क्षेत्र को चारों तरफ से नाकेबंदी करके सील कर दिया गया है। मेला में आने वाली महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उदेश्य से पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। मेला के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए सात स्थानों पर अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी लगाए गए है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में विशेष रुप से प्रशिक्षित पुलिस बल की टुकड़ी को आवश्यक साजो सामान सहित बेरी में रिजर्व रखा गया है।



### पॉर्किंग की व्यवस्था

- खेल स्टेडियम के पास बेरी कलानौर रोड
- खेल स्टेडियम बेरी में
- खेल स्टेडियम के पास जहाजगढ़ रोड पर
- दूबलधन रोड व थाना बेरी के बीच में
- गोच्छी गांव की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग हर्बल पार्क के नजदीक
- दुजाना रोड की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए बेरी गैस एजेंसी के नजदीक
- थाना बेरी के सामने पड़े खाली स्थान पर

**एंबुलेंस तैनात** : इसके अतिरिक्त एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा क्रेन को भी रिजर्व रखा गया है। कर्मचारियों की सुविधा के लिए बेरी में ही अस्थाई पुलिस लाईन बनाई गई है ।

# युवा संसद कार्यक्रम में दक्षिता गुलिया ने बढ़ाया जिले का गौरव



**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन की छात्रा दक्षिता गुलिया ने बीती 2 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होकर संस्थान व जिले का गौरव बढ़ाया है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि दक्षिता की प्रस्तुति को संस्थान में डिजिटल पैनल पर सीधा प्रसारित किया गया, जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रभावशाली रूप से अपने विचार व्यक्त करते हुए देखा। दक्षिता की भागीदारी युवाओं के लिए प्रेरणादायक रही, जिससे उन्होंने शासन, लोकतंत्र और नीति-निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और दर्शाया गया कि छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में क्या योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रा दक्षिता गुलिया पिछले वर्ष दिल्ली में एनएसएस स्वयंसेविकाओं की टुकडी के साथ कर्त्तव्य पथ पर रिपब्लिक परेड 2024 में भी शामिल हुई थीं। वह वर्ष 2022 से एनएसएस यूनिट की एक्टिव स्वयंसेविका रही है।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

# अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।




## वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *






## दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

## बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बड्र्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बड्र्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *




## चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरिगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *



## लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *



जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

# विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर


तमन्ना, कोरबा


वेदका, बालोद


रितेश, मटियारी


अथर्व, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### नेताओं ने मांडोठी पहुंचकर शोक जताया

**बहादुरगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने वीरवार को मांडोठी पहुंचकर जिला पार्षद संजय दलाल के स्व. पिता सूबे सिंह दलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी रसम पगड़ी पर विधायक भारत भूषण बतरा, ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष राकेश कोच, नवीन बंटी सोलधा, मंजीत जून, पप्पू दलाल, युद्धवीर भारद्वाज, रवि छिल्लर बराही, अमित पहलवान कसार, योगेश सिलानी, रवि रेढू, राजीव दलाल, संजय जून, विनोद जून व कैप्टन मान सिंह आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### परिवेदना समिति की मासिक बैठक आठ को

**झज्जर।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक आगामी आठ अप्रैल को आयोजित की जाएगी। सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि बैठक में 15 परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इन परिवादों में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद शामिल हैं, जिनपर समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा सुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि परिवादों का समाधान मौके पर ही किया जा सके और नागरिकों को त्वरित न्याय मिल सके।

### सीआईए ने अवैध हथियार के साथ आरोपी किया काबू

**कोसली।** सीआईए कोसली पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव ढाणा निवासी विकास के रूप में हुई है। पुलिस को गत 2 अप्रैल को सूचना मिली कि विकास निवासी गांव ढाणा जिला महेंद्रगढ़ अपराधी किस्म का युवक है तथा अवैध हथियार रखता है। आरोपी कंवाली से बेरली रोड पर नमन होटल के सामने खड़ा हुआ है। सूचना पर सीआईए ने आरोपी को मौके से काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 1 देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

## महिलाओं और बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी की

# श्रद्धालुओं ने नवरात्र के छठे दिन माता के कात्यानी स्वरूप की पूजा अर्चना की





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा। फोटो :हरिभूमि

### टोकन सिस्टम का लाभ उठाते हुए श्रद्धालु



बेरी। काउंटर पर माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को टोकन प्रदान करते हुए कर्मचारी।

- श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन की तैयारियां शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

नवरात्र पर्व का उत्साह देखते ही बन रहा है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ माता की पूजा अर्चना कर रहे है। नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने माता के कात्यानी स्वरूप की पूजा अर्चना की। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में हजारों की संख्या में लोग माता के दरबार में परिवार सहित नमन करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करे रहे है। महिलाओं और बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी भी की। घरों में भी माता की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं ने भी कन्या पूजन की तैयारियां शुरू कर दी है।

### माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रतिदिन टोकन लेकर दर्शन कर रहे श्रद्धालु

**बेरी।** वीरवार को छठे नवरात्र के दिन माता के दर्शन के लिए टोकन सिस्टम का लाभ उठाते हुए श्रद्धालुओं ने टोकन लेकर माता के दर्शन करते हुए पूजा अर्चना की। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि देवी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कम समय में बिना किसी परेशानी के माता के दर्शन हो सकें,इसके लिए पहले नवरात्र से ही टोकन प्रणाली की शुरुआत की गई है। मेले के पहले दिन से श्रद्धालु टोकन के साथ कतारबद्ध होकर माता के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेला में विशेषकर सप्तमी और अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है,आसानी से माता के दर्शन हो सकें इसके लिए चैत्र नवरात्र मेले के पहले दिन से ही टोकन प्रणाली की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि मेला में श्रद्धालुओं के लिए बस स्टैंड के समीप बने चौराहे और शिव चौक पर टोकन काउंटर स्थापित किए गए हैं। माता भीमेश्वरी देवी दर्शन के आने वाले श्रद्धालु टोकन लेकर माता के दर्शन कर सकते हैं।



झज्जर। भंडारे में श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण करते हुए संत सुरेहती।

### धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है भाईचारा : संत सुरेहती

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुरेहती के बाबा हरिदास मंदिर में वीरवार को भंडारे का आयोजन किया गया। गांव की कमेटी द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किए गए इस आयोजन में क्षेत्रीय भजन गायक विकास पाहसौरिया भी अपनी भजन मंडली के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने भजनों के माध्यम से बाबा हरिदास की महिमा का गुणगान किया। भंडारे के दौरान एफसीआई सदस्य संत शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जहां हमारी सांस्कृतिक जिंदा रहती है वहीं आपसी भाईचारा व मेल-मिलाप भी बढ़ता है। आयोजक कमेटी सदस्य राजबीर देशवाल, शिवचरण शर्मा, करतार सिंह, सूरजमल, ऋषि, रामवतार, भोलू, खजान पंडित आदि ने बताया कि भंडारे के दौरान आस पास गांवों सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा मंदिर पहुंच कर बाबा की प्रतिमा के समक्ष माथा टेक मन्नत मांगी।

# पार्षद के भंडारे में पहुंचे अभय चौटाला

- शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के आर्य नगर में बाबा हरिदास की छमाही छठ के उपलक्ष्य में पार्षद मोहित राठी के दादा चौ. अतर सिंह राठी नंबरदार की ओर से विशाल भंडारे व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि भंडारे में असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला भी पहुंचे। भंडारे से पहले राठी परिवार के सदस्यों की ओर से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने आहूति डाली। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी, प्रदेश इनेलो युवा प्रधान महासचिव जितेंद्र नफे सिंह राठी, पार्षद मोहित राठी व अन्य ने अभय चौटाला का जोरदार स्वागत किया। पार्षद मोहित राठी के परिवार द्वारा बाबा हरिदास की छठ पर सालों से भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। दिल्ली के विधायक संदीप सहरावत, विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून, राजकुमार सहरावत, जगदीश सहरावत, प्रधान सुरेंद्र सोलंकी, मूलचंद सहरावत, दलबीर मान, प्रधान रणबीर राठी, पार्षद बिजेंद्र दलाल, संदीप दहिया, संदीप अहलावत, सचिन दलाल, कर्मबीर शर्मा, सतपाल राठी, संजीव मलिक, सतप्रकाश छिकारा, रजनीश उर्फ मोनू, कुलदीप, योगेश धनखड़, सतीश छिकारा व राजपाल आर्य आदि ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में लोगों के साथ इनेलो अध्यक्ष अभय चौटाला।

# मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से जुड़े जिला स्तरीय समाधान शिविर से, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- डीसी प्रदीप दहिया ने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों और निवारण की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीसी के माध्यम से समाधान शिविर में जुड़े और जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी प्रदीप दहिया ने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों और निवारण की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने शिविर की प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान निर्धारित समय-सीमा में होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समर्पण और संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होने के साथ-साथ निष्पक्ष व पारदर्शी व्यवस्था मिले। मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरांत डीसी प्रदीप दहिया ने नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को शीघ्रता और प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए।



झज्जर। वीसी के माध्यम से शिकायतों की समीक्षा करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

## साधना शिविर में शामिल हुए भाजपा नेता



बहादुरगढ़। शिविर में भाजपा नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष संजय सैनी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** भाजपा द्वारा पट्टी कल्याणा स्थि त सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ पार्टी की कार्ययोजना, रणनीतियों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा हुई। बहादुरगढ़ मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने भी सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, प्रदेश संगठन मंत्री फनींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया समेत शीर्ष नेताओं की अगुवाई में पार्टी को मजबूत करने बारे मंत्रणा की।

## राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में संदीप का प्रदर्शन उत्कृष्ट

- टीम ईपे इवेंट में स्वर्ण पदक तथा इंडिविजुअल ईपे इवेंट में कांस्य पदक जीता

**झज्जर।** भुवनेश्वर में 28 मार्च से एक अप्रैल तक चली राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में जिले के रेढुवास निवासी एथलीट संदीप मोर ने टीम ईपे इवेंट में स्वर्ण पदक तथा इंडिविजुअल ईपे इवेंट में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। संदीप के भाई दीपक मोर ने बताया कि धावक के रूप में नाम कमाने वाले संदीप को चोट लगने के कारण दौड़ना छोड़ दिया था। अब फेंसिंग में उसने अपने करियर की नई शुरूआत की है। संदीप ने 2019 में दुबई में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया था और पांचवां स्थान हासिल किया था। वर्तमान में वे हरियाणा सरकार के ईएसआई हेल्थकेयर डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। इसके अलावा संदीप की बहन पूजा मोर भी पैरा एथलेटिक्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता हासिल कर चुकी है। बीते वर्ष चीन में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में उसने 1500 मीटर दौड़ में पदक जीता था। इसके अलावा भी पूजा कई मेडल जीत चुकी है। पूजा और संदीप दोनों रोहतक के राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



झज्जर। विजेता टीम खिलाड़ियों के साथ स्वर्ण पदक ट्राफी लेते हुए संदीप मोर।

## छबील लगाकर बुझाई श्रद्धालुओं की प्यास



झज्जर। छबील के दौरान श्रद्धालुओं में ग्लूकोजयुक्त पानी वितरित करते हुए ग्रुप सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** सर्वभद्र ग्रुप के वॉलिंटियर्स ने वीरवार को विश्व विख्यात मां भीमेश्वरी देवी मंदिर मेला पहुंच कर वहां सेवाएं दीं। ग्रुप के अध्यक्ष अजित कुमार समंरवाल ने बताया कि उन्होंने ग्रुप सदस्यों मुकुल, रोहित, साहिल, प्रतीक आदि के साथ मेला परिसर पहुंच कर श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को जहां प्लास्टिक की मूर्तियों का उपयोग करने की बजाय मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया वहीं पर्यावरण सरंक्षण की प्रेरणा देते हुए उन्हें पेड़ लगाने के महत्व बारे भी जागरुक किया। इसके अलावा ग्रुप सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के उद्देश्य से छबील लगाते हुए ग्लूकोज का पानी पिलाया।

## झाड़ोदा कलां गांव में लगे छमाही मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर मांगी मन्नतें

# छठ पर्व पर हरिदास मठ में उमड़े हजारों श्रद्धालु

- श्रद्धालुओं के अनुसार बाबा हरिदास के पावन धाम पर सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं
- पहले पुत्र को जन्म देने वाली पुत्रवती बहनों ने मंदिर में पूजा कर प्रसाद बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर से सटे झाड़ोदा कलां गांव में बाबा हरिदास मठ में छमाही मेले के दौरान वीरवार को छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां हजारों भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर शीश नवाकर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं के अनुसार बाबा हरिदास के पावन धाम पर सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे। बता दें कि गांव झाड़ौदा में बाबा हरिदास का मेला साल में दो बार चैत्र व अश्विन शुक्ल की छठ को लगता है। यहां प्रदेश भर के अलावा देश के कई हिस्सों से लोग शिरकत करते हैं। बुधवार रात से श्रद्धालुओं का मेले में पहुंचना शुरू हो गया। वीरवार को हजारों लोगों ने यहां पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लिया। विशेषकर पहले पुत्र को जन्म देने वाली पुत्रवती बहनों ने मंदिर में पूजा कर प्रसाद बांटा। दरअसल, यहां हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत दूर-दूर से लोग आकर मन्नत मांगते हैं। मेले के दौरान बच्चों, युवाओं, वृद्धों व महिलाओं ने नियमपूर्वक पवित्र मल्लाह (तालाब) में स्नान किया। अनेक श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे भी लगाए, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

उनकी समाधि स्थित मंदिर व मल्लाह पर संत हरिदास सेवा मंडल के नेतृत्व में बेहतरीन इंतजाम किए गए थे। इस विशाल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। हजारों लोगों ने मेले में पहुंचकर बाबा हरिदास का आशीर्वाद लिया। बच्चे और महिलाएं खरीदारी करती नजर आई तो कई युवाओं के टोल पैदल ही लंबा सफर करके यहां पहुंचे थे। इस दौरान शहर में अनेक स्थानों पर लंबा जाम लगा रहा।





बहादुरगढ़। छठ पर्व पर बाबा हरिदास मंदिर के बाहर उमड़े श्रद्धालु वीरवार को बाबा हरिदास के दर्शन करते उनके भक्त।

## चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला अलीगढ़ के गांव पहाड़ीपुर हाल किरायेदार शुभम डिस्पोजल नजदीक घंटेश्वर मंदिर निवासी कृष्णा उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। परशुराम कॉलोनी भाड़ावास रोड़ निवासी गिरराज सिंह ने गत 1 अप्रैल को अपने घर के सामने बाइक खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक कृष्णा उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया है।

### गोकशी मामले का आरोपी वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने वर्ष 2016 में दर्ज किए गए एक गोकशी केस में आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू की थी।

**सूचना**

मैं, ओमपाल पुत्र किशन सिंह निवासी खेड़ी-सुल्तान, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरी पुत्री दिवान्शी मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को शाल ओढ़ाते सतीश नंबरदार।

### सीएम नायब सिंह सैनी से की शिष्टाचार भेंट

**बहादुरगढ़।** भूतपूर्व मंत्री मांगेराम नंबरदार के पुत्र सतीश नंबरदार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान जिला नंबरदार एसोसिएशन के चेयरमैन सतीश ने नंबरदारों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नंबरदारों का एक प्रतिनिधिमंडल इस सिलसिले में सीएम से मिलना चाहता है। जिस पर सीएम ने सकारात्मक रुख दिखाया।

### कोर्ट परिसर के निकट से स्कूटी ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** कोर्ट परिसर के निकट से स्कूटी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। लाइनपार के निवासी दीपक ने कहा है कि बुधवार को वह किसी काम के सिलसिले में कोर्ट परिसर में गया था। बाहर पार्किंग में अपनी ई स्कूटी खड़ी कर दी। कुछ देर बाद बाहर निकला तो स्कूटी नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। पुलिस तलाशने में मदद करे। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मार्केट कमेटी की ओर से गेहूं की खरीद की तमाम तैयारियां पूरी

# मंडी में गेहूं की फसल आना शुरू लेकिन नहीं हुई सरकारी खरीद

अधिकारियों की मानें तो अभी गेहूं कम आया है। सरकारी खरीद चालू नहीं हुई है। एक-दो दिन में फसल आने के साथ खरीद चालू होने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

अनाज मंडी में गेहूं की फसल फिलहाल बहुत कम आ रही है। वीरवार को दो जगह ही ढेरी देखने को मिली। फिलहाल गेहूं की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो सकी है। आगामी दो-तीन दिनों में गेहूं की फसल आने और सरकारी खरीद चालू होने की उम्मीद है।

दूसरी तरफ सरसों की खरीद लगातार जारी है। मंडी में अब तक 5100 क्विंटल से अधिक सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। खरीद प्रक्रिया सुचारू ढंग से जारी है। इस दफा किसानों द्वारा भी किसी तरह की नाराजगी नहीं जताई गई है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में पिछले साल करीब साढ़े 15 हजार क्विंटल सरसों आई थी। इस बार यह आंकड़ा 20 हजार क्विंटल होने की उम्मीद जताई जा रही है। मार्केट कमेटी की ओर से गेहूं की खरीद की भी तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बहादुरगढ़ और आसौदा की अनाज मंडी में गेहूं की खरीद होगी। दोनों मंडियों में गेहूं की फसल बहुत कम आ रही है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में वीरवार की दोपहर गेहूं की दो ढेरियां ही नजर आई। यहां एक भी सरकारी गेट पास नहीं कटा। हालांकि आसौदा की मंडी में एक गेट पास जरूर कटा और करीब 75 क्विंटल फसल आई। अधिकारियों की मानें तो अभी गेहूं कम आया है। सरकारी खरीद चालू नहीं हुई है। एक-दो दिन में फसल आने के साथ खरीद चालू होने की संभावना है।




बहादुरगढ़। अनाज मंडी में लगी गेहूं की ढेरी। फोटो : हरिभूमि

#### बहादुरगढ़ में कम आता है गेहूं

पिछले साल करीब 9 हजार क्विंटल गेहूं बहादुरगढ़ तो आसौदा में 89 हजार क्विंटल के आसपास आया था। इस बार यह आंकड़ा बढ़ सकता है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी शहर के बीच है। भीड़भाड़ और तंग सड़कों के कारण किसान यहां आने से बचते हैं। वे सांपला या अन्य नजदीक लगती मंडियों का रुख करते हैं। बालोर में मार्केट कमेटी की ओर से नई मंडी बनाने की योजना है। लेकिन उस 54 एकड़ जमीन पर कोर्ट केस चल रहा है। यदि बालोर में मंडी बनती है तो यहां की मंडी प्रदेश की टॉप मंडियों में जगह बना सकती है।



झज्जर। समीक्षा बैठक में मौजूद स्कूल मुखिया व डीईईओ वीरेंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

## नामांकन में सुधार नहीं होने पर स्कूल प्रमुख होंगे जिम्मेदार: डीईईओ

**झज्जर।** वीरवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में जिले के उन स्कूलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जहां शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्र नामांकन 20 से कम रहा है। इस श्रेणी में बालवाटिका से कक्षा पांच तक के बीस स्कूल और कक्षा 6 से 8 तक के नौ स्कूल शामिल हैं। बैठक में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने इन स्कूलों के पिछले चार सत्रों के नामांकन के आंकड़े प्रस्तुत किए। आंकड़ों से स्पष्ट हुआ कि इन स्कूलों में नामांकन में लगातार गिरावट आई है। इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा करते हुए प्रत्येक स्कूल मुखिया से उनके संस्थान में नामांकन कम होने के कारणों की विस्तृत व्याख्या मांगी गई। डीईईओ वीरेंद्र मलिक ने स्कूल प्रमुखों को आश्वासन दिया कि उनकी वास्तविक समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि परिस्थितियां अनुकूल होने के बावजूद नामांकन में सुधार नहीं होता है, तो संबंधित स्कूल प्रमुखों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों और अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाकर और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार कर नामांकन बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

## राई स्पोर्ट्स स्कूल के फिजिकल एग्जाम में प्रगति स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** प्रगति सैनिक स्कूल के 45 विद्यार्थियों ने एमएनएसएस राई के फिजिकल एग्जाम में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल के डायरेक्टर अजीत सिंह खत्री ने बताया कि उनके संस्थान के 48 विद्यार्थियों में से 45 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि यह न केवल विद्यार्थियों की मेहनत बल्कि शिक्षकों और प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर उन्होंने अभिभावकों व स्कूल स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए परीक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी।



बहादुरगढ़। कैंप में आए लोगों की आंखें जांचती चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## नूना माजरा गांव में कैंप लगाकर जांचा स्वास्थ्य

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ द्वारा गांव नूना माजरा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन सत्यनारायण गुप्ता हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित शिविर में लोगों की जांच के साथ ही उचित परामर्श दिया गया।

कैंप में महाराजा अग्रसेन सत्यनारायण गुप्ता हॉस्पिटल से मेडिसिन की डॉ. किरण, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा दहिया के साथ नर्स स्टूडेंट प्रियंका, पायल, डेंटल असिस्टेंट अजय कुमार, प्रिंसिपल पूनम मक्कड़ व लेक्चरर सुरेश वर्मा ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने सभी डॉक्टर्स को पटका, पौधा व स्मृति चिह्न देकर स्वागत व सम्मान किया।

शिविर में डाक्टर्स ने लोगों को उचित सलाह के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी दी। डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। इसलिए लोगों को समय पर इलाज करा लेना चाहिए। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य ही हमारे जीवन की पूंजी है। कैंप में आए सभी लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, वजन, दंत व आंखों की जांच के साथ ही अन्य बीमारियों की जांच पड़ताल की गई।

## शिक्षा व नवाचार का केंद्र है संस्कारम् यूनिवर्सिटी : डॉ. महिपाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

शिक्षा और उद्योग के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से संस्कारम् यूनिवर्सिटी ने इंडो यूएस बायो-टेक लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह सांझेदारी कृषि अनुसंधान और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

संस्कारम् यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि उनकी यूनिवर्सिटी उत्तम शिक्षा, अनुसंधान और व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए जानी जाती है। अब इस समझौते के माध्यम से अपने विद्यार्थियों को अत्याधुनिक कृषि तकनीकों और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन अनुभव प्रदान करेगी। यह सहयोग विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में नवीन अनुसंधान, स्मार्ट खेती, जैविक खेती, हाइब्रिड बीज उत्पादन, और कृषि विज्ञान के आधुनिक तरीकों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जिससे यह विश्वविद्यालय केवल तकनीकी शिक्षा में ही नहीं बल्कि कृषि, पर्यावरण विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, पशुपालन और चिकित्सा विज्ञान,प्रबंधन और स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विविध क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान बना सके। इस समझौते से इंडो यूएस बायो-टेक लिमिटेड के साथ विद्यार्थियों को कृषि एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी।

इंडो यूएस बायो-टेक लिमिटेड एक अग्रणी कृषि-प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीज, जैविक खेती, और नवीनतम कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में कार्यरत है। इस समझौते के माध्यम से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलेगा। वे आधुनिक कृषि तकनीकों और जैव-प्रौद्योगिकी के नवीनतम अनुसंधानों से अवगत हो सकेंगे। इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सेमिनार का आयोजन करेंगे।




झज्जर। इंडो यूएस बायो–टेक लिमिटेड के साथ किया गया महत्वपूर्ण समझौता दिखाते हुए संस्कारम् यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. महिपाल। फोटो : हरिभूमि

## महाराजा अग्रसेन अस्पताल के उपाध्यक्ष बने श्रीनिवास गुप्ता

**बहादुरगढ़।** महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग की बहादुरगढ़ शाखा का उपाध्यक्ष बनने के बाद श्रीनिवास गुप्ता वीरवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय पहुंचे। यहां विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता का अभिनंदन किया। 30 मार्च को महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग के चुनाव संपन्न हुए। इसमें बहादुरगढ़ शाखा के उपाध्यक्ष पद पर श्रीनिवास गुप्ता ने जीत हासिल की। वीरवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज प्रधान मनीष जिंदल, उप प्रधान प्रेमचंद बंसल, मैनेजर यशपाल गांधी, प्रिंसिपल डॉ राजवंती शर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल, पवन जैन, एसके अग्रवाल, महेंद्र व जयभगवान लोहिया आदि ने उन्हें बधाई दी।



बहादुरगढ़। श्रीनिवास गुप्ता को बधाई देते संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कैंप में बच्चों को जागरुक करते राहुल आर्य। फोटो : हरिभूमि

### समस्या से समाधान की ओर कैंप लगा

**बहादुरगढ़।** थैंक्स भारत ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर आचार्य संजीव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। 'समस्या से समाधान की ओर' शिविर का शुभारंभ यज्ञ से हुआ। आचार्य राहुल आर्य ने वेद, उपनिषद, रामायण-महाभारत, महात्मा भर्तृहरि, महात्मा चाणक्य, महात्मा विदुर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को सार रूप में सरल और सहज करके गृहस्थियों को समझाया। मनुष्य जीवन को उन्नत बनाने के लिए श्रवण, मनन, निदिध्यासन और साक्षात्कार पर जोर दिया। आचार्य संजीव आर्य ने 'सात्विक भोजन से सात्विक जीवन' पर विशेष जोर दिया।

## बिजली के रेट बढ़ाने के विरोध में की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने वीरवार को रोहतक रोड पर बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए लोगों ने नायब सरकार से बढ़ाए हुए बिजली के रेट वापिस लेने की मांग की।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी, किसान मजदूर उत्थान मोर्चा के सुमित छिकारा, बिजली उपभोक्ता मंच के रामकिशन कामरेड तथा सतबीर सिंह बल्हारा ने कहा कि पहले ही महंगाई की मार से जूझ रही जनता के ऊपर प्रदेश की नायब सरकार ने महंगी बिजली का बोझ लाद दिया है। हरियाणा सरकार ने बिजली के रेटों में 20 पैसे से लेकर 40 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि कर दी है। घाटे का बहाना बनाकर सरकार 2023 से 47 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज वसूल रही है। पहले यह दो साल के लिए लगाया था, लेकिन अब सरकार ने इसे 2026 तक बढ़ा दिया है। बिजली जनता की मूलभूत आवश्यकता बन गई है, इसे घाटे या मुनाफे के तराजू पर नहीं तोला जा सकता, लेकिन सरकार प्राइवेट कंपनियों के स्वार्थ में गरीब लोगों पर बोझ बढ़ा रही है। लालजी, राजबीर सिंह छिल्लर तथा प्रदीप जून ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला बिजली के निजीकरण की तरफ उठाया गया जन विरोधी कदम है। इससे बिजली आम उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो जाएगी। प्रदर्शन में विद्या देवी, सुनिता, सुमन, अंजू तथा ज्योति ने भी भाग लिया।




बहादुरगढ़। बिजली की दरें बढ़ाने के विरोध में नारेबाजी करते लोग। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। बच्चों को ध्यान योग की जानकारी देते योगिंदर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों को ध्यान योग से परिचित कराया

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य योगिंदर को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। इस सत्र का शुभारंभ प्रार्थना सभा से किया गया। आचार्य योगिंदर ने उपस्थित बच्चों को ध्यान योग प्रक्रिया से परिचित कराया, जिससे उन्हें अपने मन को शांत और केंद्रित करने में मदद मिली। प्रिंसिपल ने बच्चों का स्वागत किया व बच्चों को बैच देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय की निदेशिका विजय लक्ष्मी, चेयरमैन अशोक शर्मा और आचार्य योगिंदर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों को कराया तनाव प्रबंधन की तकनीकों से अवगत

**झज्जर।** वीरवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा तनाव प्रबंधन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर दलबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान ने किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में विस्तार व्याख्यान देते हुए बताया कि तनाव आज के समय में सभी के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। किसी भी आयु वर्ग का व्यक्ति इससे अछूता नहीं है। उन्होंने तनाव प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों, विरेचन,संज्ञानात्मक पुनर्संरचना, समय प्रबंधन, डिजिटल डिटॉक्सिफिकेशन, माइंडफुलनेस आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप कुमार, डॉक्टर प्रताप फलसवाल, शमशेर, डॉक्टर जयभगवान, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। विस्तार व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता।



बहादुरगढ़। बास्केटबॉल लीग के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## दिल्ली वॉरियर्स ने जीती बास्केटबॉल लीग

**बहादुरगढ़।** दिल्ली बास्केटबॉल लीग के उद्घाटन सत्र का शानदार समापन मोतीलाल नेहरू कॉलेज में हुआ। टीम बीआरजी के धावक विहान छिल्लर ने दिल्ली वॉरियर्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। बास्केटबॉल को बढ़ावा देने और उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच देने के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया गया। पूरे लीग में कुल 32 रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें लड़कों और लड़कियों की आठ-आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में एपेक्स स्ट्राइकर्स ने दिल्ली कैपर्स को 63-36 से हराकर जीत दर्ज की।

लड़कों के फाइनल में दिल्ली वॉरियर्स और मेट्रो मावेरिक्स के बीच कांटे की टक्कर हुई। दिल्ली वॉरियर्स ने 78-76 की रोमांचक जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। दिल्ली वॉरियर्स टीम के स्पॉन्सर एवं सत कबीर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर और डायरेक्टर डॉ. धीरज छिल्लर ने टीम की जीत पर बधाई दी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा में एनसीसी के महत्त्व पर व्याख्यान आयोजित

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग में एनसीसी के महत्त्व पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर प्रताप फलसवाल ने किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रीकिशन चाहर ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत का प्रमुख युवा संगठन है, जो देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का कार्य करता है। यह न केवल युवाओं को सशस्त्र बलों के लिए तैयार करता है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा में एनसीसी महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य करता है। यह युवा पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाकर न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि देश की रक्षा में भी सहयोगी बनाता है। प्राचार्य प्रोफेसर दलबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र प्रेम में गहरा संबंध है। एनसीसी विद्यार्थियों के युवा मन में राष्ट्र प्रेम के बीज अंकुरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान, प्रदीप यादव, शमशेर, नवीन कुमार और सुरेंद्र सहित अन्य भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900